

द्रविड़ का आप हमेशा सम्मान करते हैं

राजा ने कहा, राहुल द्रविड़ का आप हमेशा सम्मान करते हैं। किसी खिलाड़ी की महानता का पता ड्रेसिंग रूम में चलता है। अगर टीम को लगता है कि मुश्किल हालात में आप उन्हें निराश नहीं करेंगे तो यह बहुत मायने रखता है। भले ही आप वहां 30 या 50 रन ही बनाएं। द्रविड़ ने भारत के लिए 164 टेस्ट मैच खेले जिसमें उन्होंने 13288 रन बनाए। उनका बल्लेबाजी औसत 52.31 का रहा। 344 वनडे इंटरनैशनल मैचों में उन्होंने 39.16 के औसत से 10889 रन बनाए।

## राहुल द्रविड़ कई बार सचिन तेंदुलकर से भी आगे निकले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राहुल द्रविड़ को भारतीय क्रिकेट की दीवार कहा जाता था। मजबूत तकनीक, संयम, धैर्य और अथक परिश्रम की मिसाल रहे द्रविड़। भारत ने सर्वकालिक महान नंबर तीन बल्लेबाजों में शुमार द्रविड़ के आंकड़े भी इसकी गवाही देते हैं। द्रविड़ जब क्रीज पर आते थे तो गेंदबाजों के लिए उन्हें आउट कर पाना एक बड़ी चुनौती होता था।

पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रमीज राजा ने द्रविड़ के करियर को याद किया और उनके खेल की तारीफ की। राजा ने कहा कि द्रविड़ ने कई शानदार पारियां खेलीं और टीम में सचिन तेंडुलकर जैसे बड़े नाम के बावजूद अपनी जगह बनाई। राजा ने कहा, राहुल द्रविड़ शायद सचिन तेंडुलकर की तरह गिफ्टेड खिलाड़ी नहीं थे लेकिन एक महान खिलाड़ी के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए काफी दम चाहिए। आप जानते हैं कि आपने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे दिया इसके बावजूद आप टीम के बेस्ट बल्लेबाज नहीं हैं और इससे आपका मनोबल नीचे जा सकता है। स्पोर्ट्सकीड़ा से बातचीत में राजा ने कहा, लेकिन राहुल द्रविड़ को इसका श्रेय देना पड़ेगा कि कई बार वह सचिन से भी आगे निकल जाते थे।

# फ्रैंचाइजी और बोर्ड के बीच तनातनी की क्या हैं वजह

**क्रिकेट**

### फ्रैंचाइजी चाहते हैं कि गेट-मनी न होने के नुकसान की भरपाई बोर्ड करे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (प्च्स्) 2020 को लेकर अभी तक बीसीसीआई और फ्रैंचाइजीज के बीच अभी आम सहमति नहीं बन पाई है। फ्रैंचाइजी और बोर्ड के बीच तनातनी की मुख्य वजह आर्थिक हैं। फ्रैंचाइजी अपने नुकसान की भरपाई की चाहते हैं लेकिन बोर्ड के पास भी ज्यादा विकल्प नहीं हैं। तो आखिर है फ्रैंचाइजी की मांग और क्या हैं बोर्ड के पास संभावित रास्ते।

**बोर्ड भरे गेट-मनी न होने का नुकसानः** यह आईपीएल बिना दर्शकों के खेला जाएगा। ऐसे में फ्रैंचाइजी चाहते हैं कि गेट-मनी न होने के नुकसान की भरपाई बोर्ड करे। गेट-मनी यानी दर्शकों के मैदान में आने से टिकटों से होने वाली कमाई। नियम अनुसार यह कमाई घरेलू फ्रैंचाइजी के हिस्से में जाती है। एक अनुमान के अनुसार एक मैच से टीम को करीब 3-3.5 करोड़ रुपये की कमाई होती है।



**वीवो गया, इसका भी नुकसानः** चीनी मोबाइल कंपनी वीवो की भारतीय शाखा, वीवो इंडिया इंडियन प्रीमियर लीग का टाइटल स्पॉन्सर था। चीन के साथ भारत के मौजूदा विवाद के चलते कंपनी ने इस साल टाइटल स्पॉन्सरशिप से अपना नाम वापस ले लिया है। कंपनी का कहना है कि इस समय माहौल चीन के खिलाफ है और ऐसे में उसे आईपीएल के साथ रहने का कोई फायदा नहीं। आईपीएल पर भी दबाव था कि वह चीनी स्पॉन्सर से खुद को दूर करे। लेकिन इसके साथ ही बोर्ड के सामने रेवेन्यू का सवाल आ गया है। दरअसल, वीवो हर साल के लिए बोर्ड को 440 करोड़ रुपये देता है। इसमें से आधे बोर्ड के पास रहते हैं और बाकी आधे आठों फ्रैंचाइजी में बराबर बंटते हैं। यानी एक फ्रैंचाइजी को करीब 28 करोड़ रुपये मिलते हैं। अब वीवो के जाने के बाद टीमें चाहती हैं कि या तो बोर्ड इसकी भरपाई करे या फिर जितनी जल्दी हो सके विकल्प तलाशे।

**क्वहरनटीन को लेकर सवालः** 10 सितंबर को कैरेबियन प्रीमियर लीग का फाइनल है। फ्रैंचाइजी चाहते हैं कि वहां से आने वाले खिलाड़ियों को क्वॉरनटीन नियमों में छूट दी जाए। दो सप्ताह के क्वॉरनटीन का अर्थ है कि ये खिलाड़ी शुरुआती हफ्ते में आईपीएल में शामिल नहीं हो सकेंगे। ऐसी ही छूट वे इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों के लिए भी मांग रहे हैं जो इंग्लैंड में वॉइट बॉल सीरीज खेलकर आएंगे।

**क्या है बीसीसीआई के पास रास्ता** वीवो की जगह नए टाइटल स्पॉन्सर के लिए ईओआई जारी करे।

**फायदा-** इससे सही प्रक्रिया का पालन होगा।

**नुकसान-** इस प्रक्रिया में काफी लंबा समय लग सकता है।

# रमीज राजा ने उठाए बाबर आजम की तकनीक पर सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कराची। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान रमीज राजा ने कहा है कि शीर्ष बल्लेबाज बाबर आजम के खेल में कुछ तकनीकी खामियां हैं और दिग्गज खिलाड़ियों के बीच जगह बनाने के लिए उन्हें इन्हें दूर करने की जरूरत है।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बाबर ने 69 रन की नाबाद पारी खेली और इस दौरान शान मसूद (नाबाद 46) के साथ 96 रन की अटूट साझेदारी की। रमीज ने कहा कि बाबर अपने कंधे सामने की तरफ रखकर गेंद का सामना कर रहे थे जिससे उन्हें ड्राइव खेलने में दिक्कत हो रही थी। रमीज ने अपने यूट्यूब चैनल पर



कहा, 'जब ऐसा होता है तो इसका मतलब है कि आपके सिर कंधे के स्थिति सही नहीं है। सिर कंधे के साथ स्थिर नहीं है। जब आप इस तरह खेलते हो तो आउटस्विंग का सामना करना समस्या बन जाता है। इसका मतलब है कि आप ड्राइव नहीं खेल पाते।' बाबर अपनी पिछली आठ टेस्ट पारियों में चार शतक और तीन अर्धशतक जड़ चुके हैं।

रमीज का हालांकि मानना है कि बाबर जूझ रहे हैं क्योंकि वह बल्लेबाजी करते हुए हिचकते हैं और नर्वस हो जाते हैं। रमीज ने बाएं हाथ के बल्लेबाज शान मसूद की तारीफ की और कहा कि कप्तान अजहर अली इसलिए जूझ रहे हैं क्योंकि उनकी बल्लेबाज और टीम के कप्तान के रूप में अधिक सोचने की आदत है।

उन्होंने कहा, 'वह सभी पहलुओं का जरूरत से ज्यादा विश्लेषण करता है, फिर यह बल्लेबाजी हो या कप्तानी। उसे सहज रहना चाहिए। कप्तान की भूमिका में आना और फिर निकल जाना महत्वपूर्ण है।'

## बिल्ली की शानदार फील्डिंग, डीन जोंस ने शेयर किया वीडियो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डीन जोंस ने हाल ही में ट्विटर पर एक वीडियो शेयर किया जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो को देखकर लोग हैरान हो रहे हैं। इसमें एक बिल्ली की शानदार फील्डिंग स्किल नजर आ रही हैं। इसके बाद कई लोग मजाक में इसे क्रिकेट का अगला सुपरस्टार कह रहे हैं।

क्रिकेटर से कॉमेंटेटर बने जोंस ने लिखा, मैंने दुनिया के सबसे खराब फील्डर देखें हैं। मैं आपको यकीन दिला सकता हूं। इस वीडियो में एक महिला गॉल्फ क्लब से गेंद को बिल्ली की ओर मारती है। बिल्ली के पीछे एक छोटा सा नेट भी है। इस वीडियो में बिल्ली हर गेंद को शानदार तरीके से कैच कर रही है। कॉमेंटेटर हर्षा भोगले भी बिल्ली के इस हुनर से काफी प्रभावित नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को अभी तक 1.5 लाख से ज्यादा व्यू मिल चुके हैं। इसमें लगातार इजाफा हो रहा है। करीब 7 हजार लोगों ने इसे लाइक किया है और 1200 से ज्यादा लोग रीट्वीट कर चुके हैं।

## न्यूज डायरी



### वाडिया ने कहा, बीसीसीआई एसओपी का कड़ाई से पालना करना होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। किंग्स इलेवन पंजाब के सह मालिक नेस वाडिया का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग के टाइटल प्रायोजक के बारे में अटकलें लगाने के बजाय ध्यान यह सुनिश्चित करने पर होना चाहिए कि टूर्नामेंट के दौरान कोविड-19 का एक भी मामला सामने नहीं आए। हालांकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि नहीं की है कि चीनी मोबाइल कंपनी वीवो ने इस सत्र के लिए टाइटल प्रायोजन से हटने का फैसला किया है। ऐसी संभावना है कि कंपनी चीन और भारत के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए कम से कम इस सत्र में 440 करोड़ रुपये (प्रत्येक वर्ष) के अनुबंध से हट जाएगी। वाडिया ने मालिकों की बुधवार शाम को हुई बैठक में कहा, 'काफी अटकलें चल रही हैं। मुझे लगता है कि यह सब बेकार है। हम (टीम मालिक) केवल एक चीज जानते हैं कि आईपीएल हो रहा है।

### पूर्व हॉकी खिलाड़ी युवराज वाल्मिकी के घर में घुसा बारिश का पानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। अभी कुछ हफ्ते पहले ही भारतीय हॉकी टीम के पूर्व खिलाड़ी युवराज वाल्मिकी और उनके ओलिंपियन भाई देवेंदर ने मुंबई हॉकी असोसिएशन के स्टाफ की आर्थिक मदद के लिए हॉकी बिरादरी से अनुरोध किया था। बुधवार को, युवराज ने बीएमसी से गुजारिश की जिसका कोई असर नजर नहीं आया। युवराज के भाई देवेंदर नीदरलैंड में लीग हॉकी खेल रहे हैं। और वह अपने घर पर अकेले हैं। मरीन लाइंस इलाके के उनके एक कमरे के घर में बारिश का पानी भर गया है। वह ग्राउंड फ्लोर पर रहते हैं और उसे निकालने के लिए युवराज की मदद करने वाला कोई नहीं। युवराज ने कहा, मैं पिछले चार घंटों से अपने घर से पानी निकालने में लगा हूं और अभी तक बारिश से राहत नहीं मिली है तो मैं नहीं जानता कि मुझे कब तक ऐसा करना होगा। उन्हें उस समय पानी का स्तर बढ़ने का डर सता रहा था। दोनों भाइयों में बड़े युवराज ने कहा, श्मैंने अपने और देवेंद्र द्वारा जीते गए मेडल्स और सर्टिफिकेट कार की डिक्की में रख दिए हैं।

### अगर यह विराट कोहली होता तो सारी दुनिया इनके बारे में बात करती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैनचेस्टर। पाकिस्तान के युवा बल्लेबाज बाबर आजम की गिनती दुनिया के युवा प्रतिभाशाली बल्लेबाजों में होती है। पर क्रिकेट के कई जानकार उन्हें दुनिया के फैब फोर की श्रेणी में गिनने को जल्दबाजी मानते हैं। हालांकि इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का कहना है कि इस बात में कोई शक नहीं कि आजम उसी कैटगिरी के बल्लेबाज हैं। उनका कहना है कि यह अब फैब 5 और कोहली को इसमें जरूर शामिल होना चाहिए। इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर टेस्ट के पहले दिन आजम ने 100 गेंद पर नाबाद 69 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके भी जड़े। नासिर हुसैन ने कहा कि बाबर आजम को वह नाम और शोहरत नहीं मिलेगी क्योंकि वह भारतीय कप्तान विराट कोहली नहीं हैं।

### फेडरर और नडाल जैसे दिग्गज हुए बाहर, भारतीय सुमित नागल को सीधे एंट्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। भारत के युवा टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को अमेरिकी ओपन एकल मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश मिला है चूंकि कई शीर्ष खिलाड़ियों ने 31 अगस्त से शुरू हो रहे इस ग्रैंड स्लैम से नाम वापस ले लिया है। टूर्नामेंट की वेबसाइट के अनुसार दुनिया के 127वें नंबर के खिलाड़ी नागल प्रवेश पाने वाले आखिरी खिलाड़ी हैं। नागल इसमें एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं जबकि प्रजनेश गुणेश्वरन चूक गए जो रैंकिंग में 132वें स्थान पर हैं। पिछले साल नागल ने पहली बार यहां खेलते हुए रोजर फेडरर के खिलाफ मुकाबले में एक सेट जीता था। वह हालांकि 6-4, 1-6, 2-6, 4-6 से हार गए थे। नागल ने कहा, 'दोबारा ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश करके अच्छा लगा। मैं अभी तक एक ही बार खेला हूं लेकिन समझता हूं कि हालात इस साल पहले जैसे नहीं है। मैं चेक गणराज्य में चौलेंजर टूर्नामेंट खेलकर अमेरिका जाऊंगा।'